पंचायती राज का लक्ष्य एवं उद्देश्य।
(Aims and Objective of Panchayat Raj)

पंचायती राज की स्थापना का मूल विचार यही था कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वायत्त शासन संस्थाओं का निर्मित किया जाये ताकि उन्हें विकास से सम्बन्धित कुछ विशिष्ट कार्यों को सौंपा जा सके। एस. के. डे ने कहा कि पंचायती राज को संस्थाओं को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रजातन्त्र एक ही साथ लाना चाहिए। आपकी मानना है कि इन संस्थाओं का क्षेत्र इतना व्यापक होना चाहिए कि ये कुछ ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकें जो एक परम्परावादी समाज को बदलने के लिए आवश्यक है। इस विचार का समर्थन प्रो. इकबाल नारायण के द्वारा भी किया गया। आपने बताया कि पंचायती राज को तीन आयामों वाली एक व्यवस्था माना जाना चाहिए। ये तीन आयाम आधुनिकीकरण (Modernisation), लोकतन्त्रीकरण (Democratisation) तथा राजनीतिकरण (Politicisation) पंचायती राज के लक्ष्यों के रूप में हैं।

भारत में लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अवधारणा बन चुकी है। लोकतन्त्र का तात्पर्य ऐसी राज्य व्यवस्था से है जहाँ शासन व्यवस्था किसी विशेष व्यक्ति या कुछ व्यक्तियों के हाथ में न होकर जनता के हाथ में हो। लोकतन्त्र में जनता ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शासन व्यवस्था में भाग लेती है।

Ajanta Oxford

Created By Sign Doc

लोकतन्त्रिक विकेन्द्रीकरण का अभिप्राय यह है कि लोकतन्त्र के सिद्धान्तों के आधार पर विभिन्न संस्थाओं का निर्माण किया जाय और उनमें प्रशासनिक सत्ता का इस प्रकार से वितरण किया जाय कि जनता का पग-पग पर उसकी अनुमति हो सके। ग्रामीण समाज में परिवर्तन लाने के व्यापक लक्ष्य को ध्यान में रखकर पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से एक गतिशील नेतृत्व के विकास पर जोर दिया गया। आशा यह की गयी थी की नवीन प्रकार के नेतृत्व ग्रामीण समाज में विकास कार्य को गति प्रदान करने और उसे आधुनिकीकरण की दिशा में आगे बढ़ाने में सक्रिय योग दे सकेगा। पंचायती राज के अन्तर्गत सत्ता को तीन स्तरीय व्यवस्था के अन्तर्गत ग्राम स्तर पर पंचायत, प्रखण्ड स्तर पर पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला-परिषद की स्थापना कर विभिन्न जन-प्रतिनिधियों को सौंपने और उन्हें ही विकास कार्यों का दायित्व संभालने का दायित्व दिया जाय। पंचायती राज के अन्तर्गत इसी तीन-स्तरीय व्यवस्था के माध्यम से सत्ता का निचले स्तर पर वितरण किया गया। इसी को लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण के नाम से पुकारा गया।

Created By Sign Doc